**खबर संक्षेप**

### अधि. वैशाली बनी पांढुर्ना जिला भाजपा कैप्टन

**पांढुर्ना।** पार्टी के प्रति समर्पित, एकनिष्ठ और अनुशासित सिपाही के रूप में बीते 25 साल से कार्य कर रही नगर की अधिवक्ता वैशाली महाले को



भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने नवगठित पांढुर्ना जिला अध्यक्ष का कैप्टन बना दिया गया है। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीतिक दृष्टि से यह कदम उठाया है। इस पद के दावेदारों में सौंसर एवं पांढुर्ना से अधिकांश पुरूष ही बढचढ कर दावेदारी पेश कर रहे थे। लेकिन सभी दावेदारों के सपनों को भंग कर और उनकी आकांक्षाओं को ध्वस्त कर अधिवक्ता वैशाली महाले को जिला पांढुर्ना का अध्यक्ष बनाने का निर्णय पार्टी ने लिया है। इस विषय पर चर्चा के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता नानाभाऊ तिवसकर का कहना है कि आजकल हमारी पार्टी द्वारा लिए जा रहे निर्णय से आम जनता तो छोडो भाजपा के सक्रिय नेता एवं कार्यकर्ता भी आश्चर्य चकित होने लगे है। वैशाली महाले एमकॉम, एमए और एलएलबी तक शिक्षित है। 1998 में पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता बनने के बाद इन्होंने कभी पीछे मुडकर नहीं देखा।

### आज निकलेगा श्रीजी का भव्य चल समारोह

**छिंदवाड़ा।** श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन 11 जनवरी से विविध अनुष्ठानों के साथ नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय का चार दिवसीय 20 वां वार्षिक महोत्सव मना रहा है।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया की मंगल महोत्सव के अंर्तगत आज चतुर्थ दिवस रविवार 14 जनवरी की प्रातः 7.30 बजे से श्री जिनबिंब प्रक्षालन से महोत्सव का शुभारंभ होगा पश्चात श्री जिनेन्द्र पूजन, पार्श्वनाथ पूजन एवं श्री नेमीनाथ पंचकल्याणक विधान की पूर्णता कर 9.30 बजे से श्रीजी का भव्य चल समारोह निकाला जावेगा।

## संरक्षित वन क्षेत्र मैं अवैध उत्खनन पर उच्चाधिकारियों का नहीं है ध्यान, जंगलों की हो रही कटाई

# लाल पहाड़ी पर फाड़ी के अवैध खनन से हो रही है वन संपदा को हानि



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया रेंज में इन दिनों ऐसा लगने लगा है कि वन कर्मचारी की तैनाती वन सुरक्षा के लिए नहीं बल्कि वन विनाश के लिए हुई है। वन विभाग में आने वाले विभागीय निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार करने के लिए हुई है। ऐसा तामिया के नागरिक इसलिए मानने लगे हैं कि तामिया के आसपास लगातार हो रही सरई के जंगलों की कटाई लगातार होती चली आ रही है। जिस कारण वन क्षेत्र का दायरा, सिमटता जा रहा है। इस कारण जंगल सघन होने के बजाय उनकी लापरवाही से वन छेत्र वृक्ष विहीन होने की कगार पर पहुंच रहा है। तामिया के आसपास जंगल में किसी भी और चले जाओ। आपको हरे भरे सरई के पेड़ कटे देखने मिल ही जाएंगे। लेकिन अब निर्माण कार्यो की आड़ में वन अधिनियम का खुला उल्लंघन कर संरक्षित वन क्षेत्र में पत्थर रेत का अवैध उत्खनन करवाने में मैदानी अमला कहीं से पीछे नहीं है। वर्तमान में छोटा महादेव में किसी योजना से सीढ़ी निर्माण हो रहा है उसमें तो उन्होंने वहीं की नदी से रेत उत्खनन भी करवाया। इसके साथ ही तकनीकी दृष्टिकोण से किसी भी निर्माण में पत्थर फाड़ी पूर्णतया प्रतिबंध है।

बावजूद उसके फाढ़ी से सीढ़ी मरम्मत करवाने के लिए अवैध पत्थर खनन करवा रहे हैं। यहां पर पर्यटकों का आना-जाना ज्यादा है। तो इन्हें कुछ संकोच मन में आया और उन्होंने वहीं काम छोटा महादेव के ऊपर की लाल पहाड़ी कहलाने वाले स्थान पर मजदूरों से संरक्षित वन क्षेत्र में नियम विरुद्ध वन अधिनियम का उल्लंघन कर पत्थर तुड़वाना शुरू किया अपने चंद रूपों के लालच में ये भूल गए की फाड़ी तोड़ने से पुनर उत्पादित पौधों को हानी होगी और पहाड़ी में पत्थर तोड़ने से मजदूरों की चहल कदमी और पत्थरों को पहाड़ी से नीचे लुड़काने जैसे काम में इन पौधों का विनाश होगा लेकिन जैसा कि इनका आचरण है।

इन्हें वन संपदा वन नियम कानून कायेदे से कोई लेना-देना नहीं। और उन्होंने चांद रूपों के लालच में फाड़ी तुड़वाकर बाल संपदा को हानि पहुंचाने में कोई संकोच नहीं किया। इस तरह वर्तमान में तामिया रेंज में वन संपदा की हानि एवं वन अधिनियम का खुला उल्लंघन कर छोटा महादेव एवं उसके ऊपर की पहाड़ी पर तुड़वाई गई फाड़ी तो यही साबित करती है कि इनको वन संपदा एवं वन अधिनियम से कोई सरोकार नहीं है। इस तरह वन विश्राम गृह एवं छोटा महादेव क्षेत्र में जो पत्थर के नाम पर अवैध उत्खनन हुआ है। उससे सिद्ध होता है कि तामिया रेंज के रेंजर एवं मैदानी बन अमले पर विभाग के आला अधिकारियों का या तो नियंत्रण नहीं है या फिर उनकी मौन स्वीकृत है।

इस कारण पर्यटन की पहचान बन चुका तामिया अब इनके आर्थिक लालच के कारण वन संपदा के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। शीघ्र इन वन संपदा के को हानी पहुंचने वाले कर्मचारियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है, नहीं तो वन का विनाश और तेजी से होगा।

## मकर संक्राति पर हुआ महिला सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शासन के निर्देशानुसार एवं आयुक्त महोदय श्री राहुल सिंह जी के निर्देशों में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को वार्ड नंबर 11 में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वार्ड की पार्षद श्रीमती शिल्पा माइकल पहाडे, भारतीय साहू, शालिनी विवेक बंटी साहू जी,नीलू छेत्री जी जय विश्वकर्मा जी निशा गोस्वामी जी, लीला बिजोलिया जी, तरुण छेत्री महिला संघ की अध्यक्ष कविता यादव एवं विशिष्ट अतिथि श्री भारत घेई जी, जन भागीदारी अध्यक्ष पीजी कॉलेज, अरुण गदरेजी, कृपा शंकर सूर्यवंशी जी माइकल पहाडे जी, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा से डॉक्टर सेवंती पटेल सिटी मिशन मैनेजर, उमेश पयासी जी वार्ड की समस्त महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मिशन मैनेजर द्वारा महिलाओं को वित्तीय संधारण हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओ के बारे में बताया गया कार्यक्रम में क्विज कंपटीशन व्यंजन प्रतियोगिता रंगोली कराई गई प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया ।

### उस्ताद अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन के स्वागत के लिए तैयार है छिंदवाड़ा

**छिंदवाड़ा।** जिलाधीश के मुख्य आतिथ्य में 15 को सम्पन्न होगा अक्षत सम्मान समारोहज़लि की प्रतिष्ठित संस्था अक्षत सम्मान समारोह समिति द्वारा प्रतिवर्ष छिंदवाड़ा ज़लि के वरिष्ठ साहित्यकार स्व. केशरी चंद चंदेल 'अक्षत' जी की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन 15 जनवरी की शाम शहर में किया जाता है जो ज़लि एवं प्रदेश स्तर के अत्यंत ही गरिमापूर्ण आयोजनों में शामिल है। वर्ष 2024 के आयोजन के सन्दर्भ में अधिक जानकारी देते हुए विश्वेश चंदेल ने बताया कि आगामी 15 जनवरी दिन सोमवार को उक्त समारोह शाम 06:30 बजे से हिन्दी प्रचारिणी प्रांगण फव्वारा चौक के पास आयोजित किया जावेगा। उक्त आयोजन जिला कलेक्टर महोदय श्री मनोज पुष्प के मुख्य आतिथ्य, एसपी श्री विनायक वर्मा की अध्यक्षता एवं श्री मतीन खान (सहायक उपाध्यक्ष एवं स्पोर्ट्स हेड लोकमत समूह), राजेश भट्ट (कार्यक्रम प्रमुख आकाशवाणी भोपाल) के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न होगा। जहाँ देश के ख्यातिलब्ध भजन एवं ग़ज़ल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन अपने सुरों के माध्यम से दर्शकों को आनंदित करेंगे। इसके अतिरिक्त समारोह के विशेष सत्र सम्मान के क्रम में समिति द्वारा छिंदवाड़ा ज़लि की विभूतियों को सम्मानित किया जावेगा जिनमें सर्वश्री गोवर्धन यादव जी (वरिष्ठ कहानीकार), वरिष्ठ चित्रकार ध्रुव राधिका रामचन्द्र जी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं युवा वर्ग के मार्गदर्शक मनोज सोनी जी शामिल हैं।

## 7A साइट फुटबॉल टूर्नामेंट में 7 स्टार विजेता



**जुन्नारदेव।** वार्ड नंबर 15 माजरी ग्राउंड में 7a साइट फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता मैं छिंदवाड़ा 7 स्टॉप टुडे जुन्नारदेव ग्रीन सिटी को 03 से मद देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली, काफी दिनों बाद जुन्नारदेव में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन ग्रीन सिटी क्लब जुन्नारदेव द्वारा आयोजित किया गया,इस फुटबाल टूर्नामेंट में 16 टीम ने भाग लिया, विजेता टीम 7 स्टार छिंदवाड़ा को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई एवं खेल प्रेमियों ने नगर पालिका अध्यक्ष से जल्द से जल्द स्थानिक ग्राउंड को ठीक करने की मांग भी की गई इस कार्यक्रम में वहां विद्यालय प्रोफेसर अजवानी ,पार्षद संजय जैन, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष शरद करोलिया, मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध बूटा चटर्जी, जीएस खान, नानेद्रा शर्मा, राजेंद्र यादव अवधेश कैथवास, अतिका सिद्दीकी, तस्लीम खान पामेला वार्ड,शेखर बरईया, एव 7 ए साइट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए जुन्नारदेव ग्रीन सिटी क्लब को कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि ने बधाई दी।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

**जुन्नारदेव।** आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। महोत्सव राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभावान युवाओं को अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के लिए हर साल आयोजित किया जाता है।आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम नगर के सभी स्कूलों में मनाया गया। शासकीय कन्या परिसर स्कूल एकलव्य विद्यालय ,शासकीय माध्यमिक शाला मोरकुंड एवं मॉडल हाई स्कूल आदि स्कूलों में युवा महोत्सव मनाया गया।कन्या शिक्षा परिषद के कार्यक्रम में नगर के जन प्रतिनिधियों ने सहभागिता दी ।जिसमें संजय जैन पार्षद वाई-11 श्रीमति' प्रमिला पाल पार्षद वार्ड-13 विजय के साथ सभी शिक्षको ने भी सूर्य नमस्कार किया ।जिसने मनोज कुमार सहित सभी शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में संजय जैन ने विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरित होने को कहा। तिरछी तरह नगर के प्राइवेट स्कूलों में भी युवा महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्टेप फॉरवार्ड पब्लिक स्कूल में पतंजलि योग समिति द्वारा योग अभ्यास का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें आसन प्राणायाम योग के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए रोशन लाल साहू मोनू चावला रितिका श्रीवास्तव राजू श्रीवास्तव घनश्याम पवार इंदु दुसाद चांदनी साहू के द्वारा विस्तृत जानकारी योग प्राणायाम के बारे में दी गई।

### भाजपा सरकार ने दिलाया करोड़ों लोगों को देश में पक्के आवास



**सौसर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत के हजारों गांव का सर्वांगीण विकास करने का संकल्प लिया है। हजारों गांवों के करोड़ों लगों को प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत, जैसी सैकड़ो योजनाओं का लाभ पहुंचा कर देश के पीड़ित शोषित गरीब वर्ग के लोगों का जीवन स्तर सुधारने का काम भाजपा सरकार संपूर्ण देश में कर रही है।ऐसा काम इसके पहले किसी सरकार ने नहीं किया। उपरोक्त उद्गार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम रोहाना , डुक्करझेला में आयोजित कार्यक्रम मैं जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते ने व्यक्त किये है। इस दौरान ग्राम वासियों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील भी की है। आदिवासी नेता मोरेश्वर मसकोले, संजय बागड़े, प्रीतम राऊत, विवेक गायकवाड़, भाजपा अ.जा लोधीखेडा मंडल अध्यक्ष खेमराज सोनेकर, कढ़ैय्या सरपंच दिनेश भलावी, रवि निरगुडे डुक्करझेला सरपंच श्रीमती राखी ईवनाती उपस्थित थे।

## वार्ड 8 में वितरित किए गए अयोध्या से आए अक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होना है इसके पूर्व जुन्नारदेव शहर में जगह-जगह अक्षत कलश यात्रा एवं पूजित अक्षत का वितरण घरों घर पहुंच कर किया जा रहा है इसी कड़ी में नगर के वार्ड क्रमांक 8 में वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार सहित वार्ड के धर्म प्रेमियों द्वारा घरों घर पहुंच कर अक्षत वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में राहुल आमरवंशी, हिमांशु नागवंशी, यश सहित अन्य वार्ड वासी उनके साथ अक्षत वितरण करने पहुंचे उन्होंने वार्ड वासियों से पूजित अक्षत को अपने घर के पूजा स्थल पर रखने की बात कही।

## नगर निगम कर रहा शहर को अतिक्रमण मुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह इन दिनों अतिक्रमण को लेकर काफी सख्त दिखाई पड़ रहे है। आयुक्त ने निर्देश पर अतिक्रमण अमले द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों एवं मुख्य बाजारों पर चरणबद्ध रूप से कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं पुलिस लाइन के पास अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में निगम अमले द्वारा पांच गुमठी एवं ठेलो को जप्त किया इसके साथ ही स्थाई अतिक्रमण कर चुके 13 अतिक्रमणकारियों के कब्जे को हटाया गया। आयुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

## सिंधी समाज की प्रभात फेरी में उमड़े लोग

### राममय हुआ पूरा शहर, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे हैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर राम मय हो गया है।इसी कड़ी में छिंदवाड़ा के सिंधी समाज द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से नगर में अलख जगाइ जा रही है। जिसमें श्री झूलेलाल मंदिर मोहन नगर से कीर्तन का शुभारंभ किया गया और बैंक कॉलोनी पुलिस लाइन होते हुए बस स्टैंड, जेल तिराहा, सत्कार तिराहा, पंकज टाकीज, षष्टी माता मंदिर होते हुए यह जान समूह सिंधु भवन पहुंचा।जिसमें समाज के सभी धर्म प्रेमी बहनों एवम भाइयों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।इस प्रभात फेरी में मातृ शक्ति से सुरभि माधवानी, दीपा नौटानी, शिखा परसवानी, छाया परसवानी, जया परसवानी एवं अनेक बहनों ने सुबह रामधुन की अलख जगाई। इसके अलावा डॉ कृष्ण हरजानी, गन्नू पंजवानी, सुरेश माधवानी, तुलसीदास परसवानी, महेश परस्वानी, शंकरलाल झमनानी, सुनील नौतानी, सच्चानंद गंगवानी, अमरदीप परसवानी तथा अनेकों सामाजिक बंधु शामिल हुए और भगवान श्री राम का मंदिर बनाने पर खुशी जाहिर की ।डॉ कृष्ण हरजानी द्वारा नगर के सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया गया है कि छिंदवाड़ा के सभी धर्म प्रेमी ज्यादा से ज्यादा से संख्या में इस प्रभात फेरी में शामिल होकर श्री राम जी के कार्य को आगे बढ़ते हुए अपना सहयोग प्रदान करें।

### श्री ताजआनंद आश्रम सावंगी में 15 जनवरी को प्रार्थना महोत्सव

**सौंसर।** ब्रह्मलीन परम पूजनीय भय्याजी महाराज श्री क्षेत्र सावंगी मे मकर संक्रांति के पर्व पर 15 जनवरी को प्रार्थना महोत्सव ओर जन्मोत्सव निमित्त प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।सच्चीदानंद मण्डल सौसर से मिली जानकारी के अनुसार श्री ताज आनंद आश्रम सावंगी मे मकर संक्रांति पर होने वाले प्रार्थना महोत्सव एवं जन्मोत्सव



समारोह में सुबह 4 बजे समाधी अभिषेक, तदुपरान्त प्रार्थना स्तोत्र का परायण, हवन, भजन एवं दोपहर 12 से 2 बजे तक आचार्य डॉ. ज्योत्सना ताई पाटणकर, रत्नागिरी का प्रार्थना स्तोत्र पर प्रवचन होगा। आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण का होगा . नागपुर जिले के सावनेर से लगा हुआ सावंगी तीर्थ क्षेत्र आज ब्रह्मलीन परम पूजनीय भैय्याजी महाराज के चरणों से पावन होकर ताज आनंद आश्रम सावंगी के नाम से जाना जाता है। भैय्याजी महाराज बीसवीं सदी के महान संत अर्थात अवतारी पुरुष हुए हैं।महाराज का जन्म शनिवार 29 जनवरी 1910 को पोष वध चतुर्थी के दिन सावंगी ग्राम में हुआ था! पिता श्री नारायण जी बुधौलिया एवं माता श्रीमती जानकी देवी के पालन पोषण से पले बढे महाराज श्री भक्ति भाव से संपन्न एवं परम श्रद्धालु थे! महाराज बाल्यकाल से ही अपनी कुशाग्र बुद्धि के लिए तथा भगवत भक्ति के रूप में विख्यात थे।मकर संक्रांति पर होने वाले आयोजन में भी प्रदेश ही नहीं तो देश के कोने-कोने से हजारों महाराज श्री के भक्त आयोजन में पहुंचकर भैयाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।महाराज श्री चेत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती दिन रविवार 15 अप्रैल 1984 को ब्रह्मलीन हुए! महाराज श्री के ब्रह्मलीन होने पर परम पूजनीय बाबासाहेब बुधौलिया ने आध्यात्मिक कार्यो एवं यहाँ की व्यवस्था को संभाला है श्री ताज आनंद आश्रम के श्री सोमकांत दिवाकर बेंडे एवं अध्यक्षा श्रीमती वृशाली मुदगल ने भविको से इस कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की हैं।

### मात्र दस रूपए में यात्रा कर सकेंगे शहरवासी, किराया सूची भी की जारी

# आज से नगर निगम देगा शहर को सिटी बसों सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



नगर निगम छिंदवाड़ा ने वर्ष 2018 में शहर को सिटी बस सेवा की सौगात दी थी इसके लिए जगह जगह बस स्टॉप भी बनाए गए थे। परंतु कोविड की वजह से ये बसे शहर में नहीं चलाई जा सकी। अब कोविड खत्म हुए तीन वर्ष बीत जाने के बाद नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर आज से पुनः सिटी बस की सुविधाएं शहर के लोगों को मिल सकेगी। शहर में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर ये बसें सेवाएं देगी जिसमें एक स्थान से दूसरे स्थान जाने में यात्रियों को मात्र दस रूपए की टिकट लगेगी। छिंदवाड़ा में सिटी बस सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगी। जिसमें खजरी चौक से मानसरोवर, बस स्टैंड, ईएलसी चौक, चंदनगांव, ईमलीखेड़ा चौक, श्याम टॉकीज, नरसिंहपुर रोड, हिन्दुस्तान लीवर, सोनपुर मल्टी, तिलक मार्केट, रेलवे स्टेशन कबाड़िया, एजिस कॉल सेंटर, रेलवे स्टेशन, परासिया नाका, पौआमा पाइंट में भी अपनी सेवाएं देंगी। निगम की इन बसों को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह है।



सूत्र सेवा की बसें विगत छह सालों से आसपास के शहरों में अपनी सेवाएं देने के लिए जनता के बीच विश्वसनीय बनी हुई है । अन्य बसों में यात्रा करने से बेहतर सूत्र सेवा की बसों को माना जाता है। अगर सिटी में पूर्व की तरह ही संचालन हुआ तो सूत्र सेवा की बसें शहर के लिए मिल का पत्थर साबित हो सकेंगी।

### लोधीखेड़ा में पवनसुत क्रीड़ा मंडल ने किया आयोजन

# कबड्डी प्रतियोगिता में मराठा लायंस नागपुर बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



लोधीखेड़ा के कहांन उच्चतर माध्यमिक विधायल परिसर में पवनसुत क्रीड़ा मंडल लोधीखेड़ा के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।दो दिवसीय चली कबड्डी प्रतियोगिता में नागपुर भोपाल इंदौर छिंदवाड़ा सिवनी बालाघाट सावनेर कामठी सौसर पांढुरना उमरानाला जुन्नारदेव आदि 36 कबड्डी टीमों ने पहुंचकर यहां पर अपनी प्रतिभा दिखाई। पवनसुत क्रीड़ा मंडल लोधीखेड़ा अध्यक्ष दीपक धनोड़कर ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।36 टीमों ने भाग लेकर कबड्डी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया है। आयोजन के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मराठा लायंस नागपुर, द्वितीय जय बजरंग कबड्डी टीम खुबाड़ा, तृतीय वीर हनुमान कबड्डी भोपाल को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पूरे जिला पंचायत सदस्य विलास योगी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और भारतीय खेलों को जीवित रखने का काम पवनसुत क्रीड़ा मंदिर लोधी खेड़ा के द्वारा विद्युत कई वर्षों से किया जा रहा है जिसके लिए सभी आयोजन कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण बधाई के पात्र है।भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए ऐसे खेलों का नियमित क्षेत्र में आयोजन होना चाहिए।कबड्डी प्रतियोगिता से एक और जहां व्यायाम होता है वहीं दूसरी और खेल भावना भी खिलाड़ियों में निर्मित होती है।इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकान्त तिड़के,शुभम कारेमोर अलावा बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

## नपा ने चलाया मैं थैलाधारी अभियान



**पांढुर्ना।** स्वच्छ भारत मिशन तहत प्लास्टिक के थैलों पर पूर्णतः रोक लगाने और इस बारे में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से चलाया मै थैलाधारी अभियान आज नगरपालिका ने तीन शेर चौक पर कलेक्टर अजय देव शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में तथा अनेक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मै थैला धारी अभियान चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत मध्यप्रदेश शासन ने पूरे प्रदेश में प्लास्टिक के थैलों पर शतप्रतिशत पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। इसलिए स्वसहायता समूह के माध्यम से निर्मित थैलें उपभोक्ताओं को 10-10 रू. में बेचे जाएंगे। शासन को लगता है कि यह अभियान प्लास्टिक के थैलों की जरूरत बाजार से जल्द ही समाप्त कर देगा। इस मौके पर तहसीलदार विनय ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ ललित चौधरी, नपा सीएमओ नीतिन बिजवे, स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा अनेक जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला के जिला समन्वय श्री कुलदीप सिंह ठाकुर जी एवं ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने जी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना सेक्टर क्रमांक -4 दमुआ की चयनित समिति के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती का कार्यक्रम दमुआ सरस्वती शिशु मन्दिर दमुआ मे सुबह 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख श्री देवेंद्र ठाकरे जी दमुआ नगर के नगर कार्यवाहक श्री राकेश मांडवार जी के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया जिसमे नगर मे नागरिकों ओर स्कूल के आचार्य के सहयोग से स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना ,गीत,भाषण का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम मे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी जी, समाज सेवी श्री मोहित यादव जी,अमन बचले जी नगर विकास प्रस्फूटन समितियों के सदस्य ओर स्कूल के सभी आचार्य बंधु आदि की उपस्थित रही अंत मे नवांकुर समिति के द्वारा मुख्य अतिथियों को तिलक वंदन कर कार्यक्रम सम्पन किया गया।

## दिन की बजाए रात में हो मक्का से भरे ट्रकों की एंट्री



**परासिया।** नगरपालिका नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक , एस डी एम एस डी ओ पी , थाना प्रभारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर मक्का से भरे ट्रकों की एंट्री दिन की बजाय रात में कराने की मांग की है । गौरतलब है कि शहर में रेलवे स्टेशन पर मक्का रेक पाईंट पर मक्का की अनलोडिंग होती है । लगातार यह शिकायत मिल रही है ,कि मक्के के ट्रक ओवरलोड होते हैं जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है । सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाली स्टेशन रोड पर ही मक्के के ट्रैकों की अवाजाही होती है । यहां पर अधिकांश प्राइवेट अस्पताल स्टेशन भी है । बड़े व्यापारी प्रतिष्ठान भी है । लोगो के घर भी हैं । इन ट्रकों के कारण कई बार दिन में जाम की स्थिति बन जाती है । वहीं स्टेशन रोड की हालत भी बहुत खराब है । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने मांग की है , कि इन मक्के के ट्रकों दिन के समय लोगों को खासी परेशानी और सामना करना पड़ता है । इसके अलावा शहर में इन दिनों धार्मिक आयोजन होने जा रहे है । श्रीराम जी के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा एवं गृह प्रवेश के अवसर पर शहर में बड़े स्तर पर आयोजन होने जा रहे हैं । वहीं सकल जैन समाज परासिया द्वारा धर्म नगरी परासिया में ₹वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव ₹ का कार्यक्रम 20, 21 एवं 22 जनवरी को संपन्न होना है । जिसकी तैयारी भी शहर में चल रही है । ऐसे में मक्के के ट्रैकों के आने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है । अतः मक्के से भरे के ट्रैकों को दिन की जगह रात्रि में ट्रैकों को शहर में प्रवेश करवाया जाए ।

## फ्लावर वेल स्कूल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

फ्लॉवर वेल हायर सेकण्डरी स्कूल ,चांदामेटा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ₹धुरंधर कप 2023 - 24₹ दिनाँक 10/01/2024 से 13/01/2024 तक आयोजित किया गया । जिसका शनिवार दिनाँक 13/01/2024 को फाइनल फुट बॉल मैच के साथ समापन किया गया । खेल प्रतियोगिता में साईकल रेस में हुजैफ - कक्षा 4, राघव कक्षा - 2 एवं 50 मीटर रेस में नर्सरी के कामिल खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । मिडिल सेक्शन में कक्षा 8 वी एवं कक्षा 7 वीं के फुटबॉल मैच में कक्षा 8 वी ने पेनाल्टी में कक्षा 7 वीं को हराकर विजेता टीम रही, एवं हायर सेक्शन में फुटबॉल का फाइनल मैच कक्षा 11 वी एवं कक्षा 12 वीं के मध्य 5 - 5 की बराबरी करने के बाद 9 वीं पेनाल्टी में 11 वीं कक्षा खिलाड़ियों ने गोल सेव करके ₹ धुरंधर कप 2023 - 24₹ में जीत हासिल की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष अनिल जैन व प्राचार्य , आर.सी. तिवारी की उपस्थिति में मैच का प्रारंभ किया गया । जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मैच का प्रारंभ देवेंद्र जैन, व दूसरे सेमीफाइनल मैच का प्रारंभ नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमजद खान के द्वारा किया गया व फाइनल मैच संस्था अध्यक्ष के द्वारा प्रारम्भ किया गया । अंत में विजेता कक्षा 11 वी एवं उपविजेता टीम कक्षा 12 वीं को संस्था के अध्यक्ष अनिल जैन ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया । प्राचार्य आर.सी. तिवारी एवं समस्त शाला परिवार द्वारा विजेता टीम को बधाई एवं शुभकामनाये दी गई । पी.टी.आई. प्रकाश यादव और अंकुश बावरिया ने खेल का संचालन किया एवं मंच संचालन संगीता दास द्वारा किया गया ।

### सीएमओ के कार्य निर्माण रोकने के आदेश की अवहेलना कर रहा ठेकेदार

# गुणवत्ताहीन नाली निर्माण एवं ठेकेदार की दंबगई से वार्डवासी परेशान



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी द्वारा लगातार नगर में अनेक विकास कार्य कराये जा रहे है इसी कडी में नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 13 में पालिका निधि की राशि से लगभग 02 लाख रूपयें की लागत से लगभग 50 मीटर क्वर्ड आरसीसी नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार केतन जैन बालाघाट द्वारा प्रारंभ किया गया है। परंतु उक्त नाली निर्माण के कार्य से न तो वार्डवासी खुश हैं न नगर परिषद के जनप्रतिनिधी और अधिकारी। यहां तक की घटिया निर्माण को देखते हुए सीएमओ राजीव लोचन कटारे द्वारा ठेकेदार केतन जैन को तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिये पत्र जारी किया गया था परंतु सीएमओ के आदेश को अनदेखा करते हुए ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य जारी रखते हुए अपनी पहलवानी दिखाई जा रही है जिससे नगर परिषद और वार्डवासी हैरान है। वहीं वार्डवासियों एवं नगर परिषद के लोगों का दबी जुबान में कहना है की नगर परिषद लांजी में होने वाले कार्यों में पिछले कुछ वर्षो से उक्त ठेकेदार का ही कब्जा रहा है जिसकी वजह पूर्व विधायक हिना कावरे का संरक्षण होना है, जिसके कारण ठेकेदार केतन जैन को लांजी विधानसभा के करोड़ों रूपये के कार्यों का ठेका प्राप्त हुआ और इसके द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करते हुए भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे विधानसभा क्षेत्र और नगरीय क्षेत्र में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है।

**नगर परिषद उपाध्यक्ष ने की थी शिकायतः** जिसे लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर द्वारा घटिया निर्माण को लेकर निर्माण एजेंसी को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजीव लोचन कटारे एवं उपयंत्री अमित नगपुरे को दुरभाष पर दो से तीन बार सूचना दी गई तथा दिनांक 10 जनवरी को नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर लोक निर्माण सभापति दिनेश कचवाहे एवं विजय महोबिया के साथ मौका स्थल का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि उक्त ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही बरतते हुए स्टीमेंट के विरूद्ध कार्य किया जा रहा है जिसमें पाया गया है कि ठेकेदार द्वारा कम गहराई एवं कम चौडाई व लोहे की मात्रा कम करते हुए व कांक्रीट में कम सिमेंट मिला कर कार्य की गुणवत्ता को ताक में रखते हुए भारी भष्टाचार किया जा रहा है।

**पूर्व में भी वार्ड क्रमांक 15 में बह चुकी है भ्रष्टाचार की गंगाः** इसके पूर्व वार्ड क्रमांक 15 में इसी ठेकेदार केतन जैन द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा था जिसे वार्ड पार्षद एवं सभापति श्रीमती कस्तुरा सेवकराम वाकडे एवं उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सभापति दिनेश कचवाहे, राजस्व सभापति किशोर रामटेक्कर, स्वच्छता सभापति विजय गोस्वामी के आपत्तियों के बाद निर्माणाधीन सीसी रोड को नगर परिषद द्वारा तुड़वाया गया। विइति हो कि ठेकेदार केतन जैन स्वयं उपस्थित न होकर अपने अधिनस्त व्यक्तियों से कार्य कराते है जो नियम विरूद्ध है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा ठेकेदार को कार्य रोकने के लिये नोटिस दिया गया है, परंतु आपके द्वारा बताया जा रहा है की कार्य नहीं रूका है तो उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जायेगा तथा नियम विरूद्ध कार्य किये जाने पर ठेकेदार का भुगतान रोका जाएगा।

**राजीव लोचन कटारे, सीएमओ,नपं. लांजी**

### बड़े तालाब में पानी और झाड़ियों की वजह से अटका सीमांकन

# सीमांकन करने पहुंचा राजस्व अमला बेरंग लौटा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तालाब के जीर्णोद्धार से पहले अतिक्रमण की वास्तविकता का पता लगाने के लिए शनिवार को राजस्व विभाग के 06 पटवारियों का एक दल राजस्व निरीक्षक के साथ कटंगी शहर के बड़े तालाब का सीमांकन करने के लिए पहुंचा लेकिन नगर परिषद की तरफ से सहयोग नहीं मिलने के कारण बिना सीमांकन की प्रक्रिया शुरू किए ही बेरंग वापस लौट गया. दरअसल, बड़े तालाब के कुछ हिस्से में जलभराव, कीचड और तालाब की पार पर झाड़ियों के कारण राजस्व कर्मचारी तालाब का सीमांकन शुरू ही नहीं कर पाए. सीमांकन करने पहुंचे राजस्व कर्मचारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मौका स्थिति की दूरभाष पर सूचना दी और मार्गदर्शन लेकर नगर परिषद के कर्मचारी की मौजूदगी में मौका पंचनामा तैयार किया. अब सात दिनों के बाद सीमांकन की कार्रवाई शुरू होगी लेकिन इससे पहले नगर परिषद को तालाब के सीमांकन में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो ऐसी व्यवस्था बनाकर देने के लिए कहा गया है. बता दें कि आज जब राजस्व अमला सीमांकन के लिए पहुंचा तो नगर परिषद का एक भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं था. राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने जब बार-बार नपा अधिकारियों को फोन किया तब कहीं जाकर नपा राजस्व निरीक्षक टीम के साथ तालाब पहुंचे।

### 07 दिनों बाद शुरू होगा सीमांकन

बड़े तालाब के सीमांकन के लिए पटवाटियों का एक दल गठित किया गया है. राजस्व निरीक्षक शंकर दयाल कौल अलावा इस दल में पटवारी जागेन्द्र चौधरी, ओमप्रकाश राहंगडाले, भूपेन्द्र पारधी, सूर्यशेखर राहंगडाले, शशी किशोर पटले, लोकेश कटरे शामिल है. जो तालाब का सीमांकन करेंगे. ज्ञात रहे कि शहर के बड़े तालाब के जीर्णोद्वार के लिए 07 साल पहले नगर परिषद कटंगी को 2 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि शासन से स्वीकृत हुई है जिसमें 1 करोड़ की पहली किस्त नगर परिषद को दी जा चुकी है लेकिन अब तक तालाब का जीर्णोद्धार शुरू नहीं हो पाया. इसकी सबसे बड़ी वजह तालाब के आस-पास के अतिक्रमण को बताया जा रहा है. चर्चा है कि तालाब की भूमि पर रसूखदारों ने कब्जा कर इमारते बना ली है और कोई भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी इन रसूखदारों का अतिक्रमण हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है।

शासकीय अभिलेखों के मुताबिक कटंगी शहर का बड़ा तालाब 37 एकड़ से अधिक भूमि पर फैला हुआ है जिसका जीर्णोद्वार होना है लेकिन जीर्णोद्वार से पहले तालाब को अतिक्रमण मुक्त करना है. जिसकी मांग काफी लंबे समय से की जा रही है।

### इनका कहना है

तालाब की पार में झाड़ियां होने की वजह से सीमांकन शुरू नहीं हो पाया वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी देने के बाद पंचनामा तैयार किया गया और नगर परिषद से 07 दिनों के भीतर झाड़ियां साफ करने कहा गया है जिसके बाद ही सीमांकन शुरू हो पाएगा।

**शंकर दयाल कौल, राजस्व निरीक्षक**

## कैरियर स्कूल में सूर्य नमस्कार के साथ युवा सप्ताह का शुभारंभ हुआ

### 12 से 19 जनवरी तक चलेगा युवा सप्ताह

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा सप्ताह का शुभारंभ स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं सहित विद्यालय परिवार द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से किया गया। सार्वजनिक समारोह में इसके अतिरिक्त व्याख्यान माला का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने भाग लिया। स्कूल में स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन द्वारा माँ सरस्वती एवं प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व्याख्यान माला का शुभारंभ किया गया। श्री बिसेन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। श्री बिसेन के अतिरिक्त स्कूल के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्वयं सेवकों, सेविकाओं द्वारा भी स्वामी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। 12 से 19 जनवरी तक चलने वाले इस युवा सप्ताह के अंतर्गत चित्रकला, स्लोगन, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के साथ स्वच्छता कार्य भी किया जावेगा। समारोह एवं व्याख्यान माला का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।



## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा मे किया गया सामुहिक सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज उकवा।



वेदांत के प्रणेता व युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप मे पुरे भारत मे मनाया जाता है । इसी कड़ी मे मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार परसवाड़ा के उपतहसील उकवा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा मे प्रातः 9 बजे ग्राम के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी मे शालेय परिवार द्वारा सामुहिक सुर्य नमस्कार किया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम वीणा वादिनी माता सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया । इस दौरान राष्ट्र गान व मध्यप्रदेश गान के पश्चात विभिन्न आसनों से सुर्य नमस्कार किया गया । कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण वरिष्ठ यशवंत शरणागत व भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित बिसेन, पुर्व मण्डल अध्यक्ष मुरलीधर नर्सवानी तथा विशिष्ट अतिथि उकवा सरपंच अनुसुइया क्षत्रिय व पोण्डी सरपंच रीता कुमरे, गोकुल क्षत्रिय सहित अन्य ग्रामीण गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी मे कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर बारी बारी से ग्राम से पधारे अतिथियो का पुष्प गुच्छ भेट करते हुये स्वागत किया गया । सुर्य नमस्कार के दौरान उपस्थित गणमान्यो द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को सुर्य नमस्कार करने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराया गया । इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित बिसेन ने छात्रों को अपने उद्बोधन मे कहा कि सुर्य नमस्कार सभी के लिये स्वास्थ्यवर्धक है । सुर्य नमस्कार और विभिन्न तरह के प्राणायाम प्रतिदिन करने से सभी को स्वास्थ्य लाभ होता है । प्राणायाम लगातार करने से शरीर मे एक नयी उर्जा का संचार होता है । हर छात्र को अपनी पढाई के दौरान कुछ समय निकालकर सुर्य नमस्कार प्रतिदिवस करना चाहिए । इस अवसर समनापुर से पहुचे वरिष्ठ यशवंत शरणागत द्वारा छात्रों को सुर्य नमस्कार के अलग अलग आसनों के विषय मे जानकारी दी गई और उनका महत्व बताया गया । कार्यक्रम मे पहुची उकवा सरपंच अनुसुइया क्षत्रिय द्वारा छात्रों को युवा दिवस की बधाईयाँ देते हुये सुर्य नमस्कार प्रतिदिन करने की बात कहीं गई वही पोण्डी सरपंच रीता कुमरे द्वारा छात्रों को पढाई के साथ ही स्वास्थ्य के लिये प्राणायाम करने के संदेश दिये गये । इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार सिंह सोलंकी द्वारा सभी छात्रों को प्राणायाम कराते हुये आगामी समय मे आयोजित परीक्षा की बेहतर तैयारी करने की बात कही गई वहीं छात्रों को पढाई के लिये टिप्स दिये गये । सुर्य नमस्कार कार्यक्रम के दौरान शाला के सभी शिक्षकों सहित छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही है ।

## राष्ट्रीय युवा दिवस में ब्रह्मा कुमारीज ने निकाली शांति पदयात्रा चलित राजयोग

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीस.ईश्वरीय विश्वविद्यालय साधना भवन वारासिवनी से शांति दूत पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा नगर के मुख्य मार्गों क्रमशः दुर्गा मंदिर चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक से होते हुए जय स्तम्भ चौक पर पहुॅची। इस पदयात्रा में शामिल श्वेत वस्त्र धारी राजयोगी शांति दूतों ने संगठित रूप में चलित राजयोग के द्वारा शांति की खुशबू का एहसास कराया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी उर्वशी बहन जी ने राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विवेकानंद जी के विचारों और उनके अनमोल व्यक्तित्व विस्तार से प्रकार डालते हुए कहा कि आधुनिक युवक-युवती को युवा होने का महत्व और जीवन का लक्ष्य तथा उद्देश्य से अवगत कराया। कर्म क्षेत्र में कर्मयोगी बनाना, घर के दीपक बनने के साथ-साथ राष्ट्र और विश्व के भी दीपक बने, क्योंकि किसी भी राष्ट्र का आधार युवा है। युवा जोश में सच नहीं खोता, प्रेरक बन इतिहास रचता हैं। वह दुर्गुणों से दूर रह नीति से लड़ता हैं। युवा अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाते हैं। युवाओं ने अपनी सुषुप्त शक्तियों को जागृत कर अपने जीवन में आध्यात्मिकता का समावेश करते हुए श्रेष्ठ चरित्र एवं महान व्यक्तित्व गढ़ भारत को विश्व शिरोमणि भारत बनाने में मदद करें।



# 77 साल बाद बनेगा ये शुभ संयोग 15 को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**ग्रहों के राजा सूर्य 15 जनवरी को धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इस बार सूर्य की राशि का परिवर्तन सुबह 9.13 बजे हो रहा है। इसी दिन खरमास समाप्त होगा और इसके बाद मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे...**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ग्रहों के राजा सूर्य 15 जनवरी को धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार अब 2080 तक यानि आने वाले 56 वर्ष तक मकर संक्रांति 15 जनवरी को ही मनाई जाएगी। इसके बाद फिर मकर संक्रांति एक दिन और आगे बढ़ जाएगी। यानी 56 वर्ष बाद सूर्य का मकर राशि में संक्रमण हर वर्ष 16 जनवरी को होगा। इस बार सूर्य की राशि का परिवर्तन सुबह 9.13 बजे हो रहा है। इसी दिन खरमास समाप्त होगा और इसके बाद मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे।

### अब सुबह ही होगा सूर्य का संक्रमण

ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि 2008 से 2017 तक सूर्य का राशि परिवर्तन 14 जनवरी की संध्याकाल में होता रहा था। इसलिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति मान्य थी। इसके बाद छह वर्ष तक सूर्य का राशि परिवर्तन अनिश्चित होने से संक्रांति कभी 14 तो कभी 15 जनवरी को मनाई गई।

अब ऐसा नहीं होगा। सूर्य का राशि परिवर्तन 56 वर्षों (2080) तक सुबह ही होगा। उन्होंने बताया कि 1936 से मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जा रही थी। 1864 से 1936 तक 13 जनवरी और 1792 से 1864 तक 12 जनवरी को मनाई जाती रही।

### तीन साल में एक घंटे आगे बढ़ती है संक्रांति

ज्योतिषविदों के अनुसार, हर साल सूर्य के राशि परिवर्तन में 20 मिनट का विलंब होता है। इस प्रकार तीन वर्षों में यह अंतर एक घंटे का हो जाता है।

72 वर्ष में 24 घंटे का फर्क आ जाता है। सूर्य व चंद्रमा ग्रह मार्गीय होते हैं। यह पीछे नहीं चलते हैं। इसलिए एक दिन बढ़ जाता है। इस लिहाज से 2008 में ही 72 वर्ष पूरे हो गए थे।

# बाइक चोर गिरोह चढ़ा घंसौर पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर में बाइक चोरी करने वाले गिरोह के दो लोगों को घंसौर पुलिस ने पकड़ा है। जिनके पास से चोरी की तीन बाइक जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घंसौर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग चोरी की बाइक लेकर उन्हें बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जहां पुलिस ने दबिश देते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने बाइक चोरी करना कबूल किया। और बताया कि उन्होंने निजी बैंक से लोन लिया था। जिसे चुकाने के लिए वह बाइक चोरी करते थे।



और बाइक चुराकर बेच दिया करते थे। जिनके पास से तीन बाइक जब्त की गई है। वहीं पूछताछ में और भी खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है। घंसौर थाना प्रभारी चेनसिंह उइके ने बताया कि जिन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उनमें कृष्ण कुमार पिता राजकुमार परते निवासी पथरिया व नीलेश पिता गोपाल पटेल निवासी थांवरी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### संभाग महाकोशल की समीक्षा बैठक हुअ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार को एकल अभियान संभाग महाकौशल केंद्र सिवनी में संभाग समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें सम्मानीय संभाग अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल जी के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई जिसमें संभाग समिति से संभाग संरक्षक श्रीमान मोहन द्विवेदी जी संभाग महिला समिति श्रीमती आभा तिवारी जी समस्त संभाग प्रमुख बिरेंद्र बेदरे संभाग कार्यालय प्रमुख, रामकिशोर हिरवाने संभाग ग्राम स्वराज प्रमुख,मनोहर नंदेहा संभाग संवाद साहित्य,अरविंद मरावी संभाग आरोग्य प्रमुख, अजय शरण संभाग व्यास, शांति पटेल संभाग महिला प्रमुख, मंजू उइके संभाग प्रशिक्षण प्रमुख एवं सतपुड़ा भाग शारदा भाग से प्रेमलाल अहिंवार भाग प्रमुख,रामकृष्ण यादव हरिकाथा कार्यालय प्रमुख,रेवांचल भाग से भाग अभियान प्रमुख संतोष यादव भाग कार्यालय सुमेरी यादव, हरिकथा कार्यालय प्रमुख राकेश यादव उपस्थित रहे।

# श्री महावीर व्यायाम शाला द्वारा राम भक्तों का किया स्वागत सत्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड में अमरावती महाराष्ट्र से पधारे राम भक्तों का स्वागत किया गया एवं उनका अतिथि सत्कार किया गया राकेश मालवीय प्रचार प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनाँक 9 जनवरी 23 से अमरावती महाराष्ट्र से साइकिल चला कर कुल 8यात्री अयोध्या धाम जाने के लिए। निकले जिनमे सर्वश्री मेजर राजेन्द्र सिंह बघेल,प्रदीप बाबू राव बढरे,हर्ष पाली,राजीव चौधरी, ठाकुर सूरज सिंह परिहार, दीपक पाली,दीपक दुबे , नरेश दुबे शामिल हैं ,11 तारीख को इन यात्रियों का अमरावती पांढुर्ना जाम साबरी,सौसर,छिंदवाड़ा होते हुए



सिवनी आगमन हुआ, इन यात्रियों को श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड सिवनी के स्वयंसेवक व पदाधिकारी यों द्वारा नगर सीमा में अभिनंदन किया गया , नगर अमरावती से पधारे इन रामभक्तों का संस्था प्रांगण में संस्था परिवार की ओर से संस्था पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल व फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष प्रसन्नचंद मालू ,सचिव हीरा लाल सोनी ,संरक्षक रा मा य ण स नो डि या , व रि ष्ठ स्वयंसेवक छिददी लाल श्रीवास, चंचल दास आहूजा,संचालक धीरज पाल, उपसंचालक अंकित मिश्रा, सोहनलाल सेन, सौरभ सोनी, जिम प्रभारी अभिषेक सोनी, उमेश उइके, जिम्नास्टिक प्रभारी आकाश सोनी,मयंक सोनी, बुशु से दक्ष कुमार , आशीष अन्यउपस्थित अन्य स्वयं सेवकों में विनय शराफ, नंदकिशोर चौरासिया ,राजेश पाल, आयुष, राकेश नाविक, विनायक शर्मा, आशीष पाटिल पत्रकार राकेश मालवीय और सभी विधाओं के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संस्था अध्यक्ष श्री मालू द्वारा अमरावती से पधारे रामभक्तों को संस्था से अवगत कराते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई, सचिव हीरा लाल सोनी ने राम से बड़ा राम का नाम की व्यख्या करते हुए राम नाम के सहारे अयोध्या तक यात्रा को समझाया ,वरिष्ठ स्वयंसेवक छिददलाल श्रीवास ने साइकल यात्रियों के हौसले को कविता के माध्यम से बधाई प्रेषित की उपसंचालक अंकित मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम का संचालन संस्था संचालक धीरज पाल द्वारा किया गया। यात्रीयों के भोजन पश्चात रात्रि विश्राम की व्यवस्था संस्था प्रांगण में ही की गई ,यात्रियों के ओढ़ने बिछाने की व्यवस्था श्री ओम सोलंकी द्वारा की गई थी, रात्रि विश्राम पश्चात आज सुबह श्री माता राजेश्वरी मंदिर दुर्गा चौक समिति द्वारा साइकिल यात्रीयों का स्वागत किया गया, मंदिर के पंडित जी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माता रानी से इन यात्रियों के लिए नारियल व माता की चुनरी भेंट कर मंगलमय यात्रा हेतु प्रार्थना कर सिवनी नगर से विदाई दी गई।

# आवारा कुत्तों ने महिला को नोंचकर किया घायल, मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खूंखार आवारा कुत्तों के हमले में अरी थाना अंतर्गत गंगेरूआ गांव निवासी एक 35 वर्षीय महिला वंदना पति सुरेश बरमैया (35) की मौत हो गई है। हालाकि प्रारंभिक जांच में मानसिक रूप से कमजोर महिला को मिर्गी का दौरा पड़ने के बाद कुत्तों द्वारा नोंच-नोंचकर घायल किया है, जिससे उसकी मौत हो गई है। अरी पुलिस के अनुसार पोस्ट मार्टम में मौत का वास्तविक बिसरा की फारेसिंक जांच रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। क्षेत्रवासियों ने पुलिस को बताया कि मिर्गी का दौरा पकड़ने के बाद जमीन पर गिरी महिला पर बाजार के खूंखार कुत्तों ने हमला कर लहुलुहान कर दिया। जब तक आसपास रहने वाले लोगों ने महिला को नोंच रहे कुत्तों को दूर भगाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एक साल में खूंखार कुत्तों के हमले में महिला की मौत होने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 29 अप्रैल 2023 को कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत मुंडरई गांव में घर से कृषि कार्य करने खेत जा रही 55 वर्षीय महिला केसरबाई पति गेंदेश्वर हनवत पर रास्ते में आवारा कुत्तों के झुंड ने घेरकर हमला कर दिया था। खूंखार कुते महिला के शरीर से मांस नोंच-नोंचकर खा गए थे, जिससे रोंगटे करने वाली हृदयविदारक घटना में महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर सिवनी पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से घटना पर प्रतिवेदन तलब किया था।

# पेंच नेशनल पार्क में शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना शुरू, बाघ के मिले पगमार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के पेंच नेशनल पार्क के कोर व बफर क्षेत्र में शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना की जा रही है। जिसके लिए पेंच के अमले और वालंटियर्स ने 15 से 20 किमी पैदल चल कर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। तीन दिनों तक शाकाहारी वन्य प्रणियों की गणना के लिए साक्ष्य जुटाए जाएंगे। पेंच पार्क के कार व बफर क्षेत्र की बीटों में कर्मचारी प्रतिदिन ट्रांजिट लाइन पर पैदल चल कर वन्य प्राणियों के पगमार्क, विष्टा, खरोंच के निशान व नजर आने वाले वन्य जीवों की गणना का रिकार्ड दर्ज कर रहे हैं। वहीं छह दिनों से वन्य जीवों की गणना चल रही है। पहले तीन दिन मांसाहारी



वन्य जीवों की गणना की गई। इस दौरान कई स्थानों पर बाघ के पगमार्क मिले। कई स्थानों पर बाघ के पेड़ पर खरोंच के निशान व विष्टा भी मिले हैं। जिन्हें वन अमले ने रिकार्ड किया है। पेंच के डिप्टी डायरेक्टर ने बताया है कि गणना के लिए कोर व बफर क्षेत्र की बीटों में ट्रांजिट लाइन तैयार की गई है। इस ट्रांजिट लाइन पर सुबह छहसे आठ बजे के बीच बीट गार्ड व सहयोगी कर्मचारी पैदल चल कर साक्ष्य जुटा रहे हैं। गणना के कारण पेंच में सफारी का समय भी बदला गया है। निर्धारित समय से पेंच के गेट पर्यटकों के लिए एक घंटे देर से खुल रहे हैं। गणना के लिए करीब 250 वन कर्मी और वालंटियर्स लगाए गए हैं। मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना के दौरान इकोलाजिकल एप पर जहां-जहां बाघों की मौजूदगी के साक्ष्य मिले उसकी फीडिंग की गई। जानकारी के अनुसार पेंच में हो रही गणना के लिए बाहर से बालेंटियर्स भी आए है। पेंच की 107 बीटों के लिए दो-दो कर्मचारी प्रत्येक बीट में गणना के काम में शामिल हो रहे हैं। वहीं पेंच नेशनल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह का कहना है कि पेंच के कोर व बफर क्षेत्र में वन्य प्राणियों की गणना का काम किया जा रहा है। मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना की गई और शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना की जा रही है।

# घसियारी मोहल्ले मे कोतवाली पुलिस की जुआ रेड, आठ जुआरी शिकंजे में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक राकेश सिह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुरुषोत्तम मरावी के दिशा निर्देशन में जुआ एवं सट्टा के विरुध्द कार्यवाही करने के लिये अभियान चलाया जा रहा है जो थाना क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हो रही थी जो थाना प्रभारी कोतवाली के व्दारा थाना स्तर पर टीम गठित कर जुआ फड़ों पर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जो सिवनी शहर के घसियारी मोहल्ला क्षेत्र मे दिनांक 13.01.24 की रात्रि मे जुआ फड़ के विरुध्द कार्यवाही कर कुल 08 जुआरियों से 4200/- रुपये जप्त कर जुआ एक्ट में कार्यवाही की गई है। नाम आरोपी मे वाहिद उर्फ बाबू खान पिता अजीज खान उम्र 31 वर्ष नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी, फिरदोस खान पिता इब्राहिम खान उम्र 35 वर्ष नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी , इरफान उर्फ पीली पिता सत्तार खान उम्र 28 वर्ष नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी, मोहम्मद राशिद खान पिता सफीक खान उम्र 35 वर्ष नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी , मोह. सहजाद उर्फ सज्जू पिता गौरेखान उम्र 25 वर्ष नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी , शहीद खान पिता मजीद खान उम्र 36 वर्ष नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी, नसीम उर्फ सोनू पिता हैदर हुसैन खान उम्र 19 वर्ष निवासी घसियारी मोहल्ला सिवनी , इमरान खान पिता मकबूल खान उम्र 32 वर्ष निवासी सूफीनगर तालाब पार थाना कोतवाली सिवनी विशेष भूमिका – निरी. सतीश तिवारी, प्र.आर. 406 रामअवतार डेहरिया,, इरफानुद्दीन खान, प्रशांत गजभिये, प्रतीक बघेल, अभिषेक डेहरिया, सतीश इनवाती, रत्नेश कुशवाहा, अजय धुर्वे, नीरज कपाले की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# वैनगंगा सप्तधारा घाटखरपड़िया रुमाल में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनायें अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे ग्राम घाटखरपड़िया में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दो दिवसीय विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। समस्त क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों के सुझाव पर ग्राम घाटखरपड़िया के सप्तधारा के पावन तट पर 14 जनवरी एवं 15 जनवरी 2024 मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जो इस प्रकार है। दो दिवसीय विशाल मेला दो दिवसीय य विशाल मेला 14 जनवरी 2024 दिन रविवार सुबह 9 बजे से विशाल रुद्राभिषेक (वैनगंगेश्वर महादेव) (पं. त्र्यम्बक शरण मिश्रा) 14 जनवरी 2024 से 15 जनवरी तक विशाल संगीतमय अखण्ड रामायण का आयोजन 15 जनवरी को अखण्ड रामायण का समापन एवं विशाल भंडारा आयोजक-वैनगंगा सप्तधारा समिति ग्राम घाटखरपड़िया।

## पुर्ननिर्धारण को लेकर बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार लोकहित अनुरूप थानों/ चौकियों की सीमाओं के पुर्ननिर्धारण के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट चेंबर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक सिवनी दिनेश राय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक श्री आर के सिंह, अपर कलेक्टर सीएल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत की उपस्थिति रही। कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि लोकहित अनुरूप थानों/ चौकियों की सीमाओं के पुर्ननिर्धारण के संबंध में जिले के सभी अनुभागों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों संबंधित थाना प्रभारियों की बैठक उपरांत थानों/ चौकियों की ग्रामों से निकटतम दूरी एवं आवागमन की सुगम उपलब्धता, ग्राम पंचायतों की स्वीकृति एवं प्राप्त सुझावों के उपरांत जिलास्तरीय समिति द्वारा थानों/ चौकियों की सीमाओं के पुर्ननिर्धारण का निर्णय लिया गया है।

# गनेश प्रसाद आदर्श मछुआ सहकारी समिति छपारा के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए

## जानकी बाई एवं महेश बर्मन उपाध्यक्ष बने

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 13 जनवरी को नगर के बस स्टैंड के पीछे स्थित बैंनगंगा सहकारी समिति के सभा कक्ष में विगत 8 जनवरी को हुए आदर्श मछुआ सहकारी समिति मर्यादित के लिए चुनाव के लिए मतदान हुआ था जिसमें चयनित 11 सदस्यों के द्वारा बैठक में निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए गणेश प्रसाद बर्मन एवं उपाध्यक्ष पद पर जानकीबाई बर्मन और महेश बर्मन का चयन किया गया पूरी चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई शनिवार को दोपहर 1:30 बजे निर्वाचन अधिकारी मनीषा ताराम की



उपस्थिति में निर्वाचित हुए सदस्यों ने उक्त पदों के लिए निर्विरोध रूप से आदर्श मछुआ सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष लिए सर्वसम्मिति से चुने गए ज्ञात होगी वर्ष 2021 में समिति के अध्यक्ष सतीश बर्मन के अकस्मात निधन के बाद भीमगढ बांध के समीपी ग्राम सिमरिया निवासी गनेशप्रसाद बर्मन को ही समिति के अध्यक्ष पद का प्रभार सौंपा गया था। वहीं दूसरी ओर संजय सरोवर भीमगढ बांध के वर्ष 2022 में नवीन ठेकेदार और आदर्श मछुआ सहकारी समिति के बीच की अनबन लगातार दो वर्षों से रही आदर्श मछुआ सहकारी समिति छपारा के मछुआरों ने पुलिस थाना में नगर निरिक्षक सौरभ पटेल एवं तत्कालीन प्रभारी छपारा तहसीलदार निधि शर्मा से ज्ञापन सौंप शिकायत दर्ज करवाई थी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा यूथ रन सिवनी मैराथन दौड़ का किया अयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी नगर द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म जयंती 12 जनवरी जिसे बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रिय युवा दिवस के रुप में मनाया जाता है । समस्त युवा तरुणाई स्वामी विवेकानंद जी के विचार एवं उनकी बताई बात को आदर्श मानकर अपने जीवन के लक्ष्य का निर्धारण करती है एवं आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती को अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाती है ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी नगर द्वारा 'यूथ रन सिवनी' मैराथन दौड़ का अयोजन किया गाया जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिवनी लोकसभा के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन जी ने हरी झंडी दिखा के मैराथन का प्रारंभ किया साथ ही मंच के माध्यम से समस्त युवाओं से स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों पर चलने की अपील की मैराथन दौड़ में 600 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे से छात्र एवं छात्रा संवर्ग में टॉप 10 विद्यार्थीयो को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र संवर्ग में जयकर पाण्डेय एवं छात्रा संवर्ग में पलक बघेल को 1100 का नगद पुरस्कार दिया गया।

द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र संवर्ग के धीरज पटले एवं छात्रा संवर्ग में उषा कुर्वे को 2100 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया एवं इसी तरह प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र संवर्ग में विक्रम पटेल एवं छात्रा संवर्ग गौरी सनोडिया को 3100 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी एवं अभाविप महाकोशल प्रांत सह मंत्री अरिन पाण्डेय उपस्थित रहे साथ ही अभाविप सिवनी विभाग संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी जी जिला संगठन मंत्री वैभव शुक्ला जी विभाग सयोजक नितिन सनोडिया, विभाग छात्रा प्रमुख नेहा कश्यप, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुनाल यादव , जिला संयोजक हर्ष अग्रवाल, नगर मंत्री सुजल मिश्रा, नगर सह –मंत्री स्त्रीथि नाग,हरिओम चाद्रवांसी,स्त्रजल ठाकुर,आदित्य बघेल,सजल मालवीय, वेद विराट सोनकेसरीय,ऋषभ सनोदियां,अंश यादव,प्रेम अग्रवाल एवं कोतवाली थाना प्रभारी श्री सतीश तिवारी जी के साथ नगर के सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री हरीश तिवारी, श्री नरेन्द्र गुड्डू ठाकुर, श्री राजेश त्रिवेदी, डॉ प्रफुल्ल श्रीवास्तव,अंकित ठाकुर, ऋषभ चौरसिया एवं खेल शिक्षा एवं कल्याण विभाग के श्री अब्दुल हक एवं मनीष मिश्रा जी के साथ नगर के हजारों गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे ।

## शहडोल नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज आज से शुरू

# क्षेत्रीय सांसद व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एक्सप्रेस ट्रेन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार फ़ग्गन सिंह कुलस्ते जी की गरिमामई उपस्थिति में केवलारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर गाड़ी क्र. 11202/11201 शहडोल-नागपुर शहडोल एक्सप्रेस का केवलारी रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव के शुभारम्भ के अवसर पर हरी झंडी दिखाकर गाड़ी का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर साथ ही जिला/ब्लॉक/सेक्टर/बूथ कांग्रेस कमेटी युवा कांग्रेस,एनएसयूआई,सेवादल एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित विशाल संख्या में क्षेत्रीय जन की उपस्थिति रही। रेल अधिकारीयो का हुआ स्वागत

एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज मे उपास्तिथ अपर मंडल रेल प्रबंधक गोरक्ष विश्वनाथ जगताप जी ,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिह जी,सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद, चीफ कामर्सियल निरीक्षक किशोर समुद्रे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर का रमाशंकर महोबिया अध्यक्ष ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति ने फुलमाला पहनाकर श्रीफल भेट कर स्वागत किया ।

गरीबों एवं मध्यम वर्ग की जीवन रेखा भारतीय रेल सिवनी, मंडला, बालाघाट, जबलपुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर की ओर नैरोगेज से ब्राडगेज अमान परिवर्तन के लिए वर्ष 2015 से पूर्णतः बंद कर



दी गई थी, 6 जिले की सीमाओं को जोड़ता प्रदेश का यह भूभाग रेल सुविधाओं के अभाव में सबसे पिछड़ा दिखाई दे रहा है। अमान परिवर्तन के साथ 24 अप्रैल 2023 को नैनपुर से छिंदवाड़ा की ओर पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू होने के बाद क्षेत्र को रेल सुविधा मिलने शुरू हो गई थी। दो जोडा पैसेंजर ट्रेनों के साथ इस मार्ग में अप ओर डाउन मे दो- एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन हो रहा था लेकिन स्टापेज ना होने से क्षेत्र के आम जनमानस अपने आप को ठगा सा महसूस करते थे। रेल संघर्ष समिति ने अनेको मर्तबा एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए ज्ञापन और पत्र रेलवे बोर्ड व जनप्रतिनिधियों को दिया था। पड़ोसी जिले के सांसद डॉक्टर ढालसिंह बिसेन ने क्षेत्र की प्रमूख जरूरत को अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार से इस संबंध में चर्चा कर जिले के महत्वपूर्ण नगरों में इन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए निवेदन किया था। शहडोल नागपुर का केवलारी स्टाप की स्वीकृति प्रदान होने के बाद आज विधिवत केवलारी स्टेशन मे स्टापेज शुभारंभ हो गया ।

### शहडोल नागपुर का संचालन टाईम टेबिल

ट्रेन संख्या 11202 शहडोल नागपुर 5:00 सुबह शहडोल से चलकर 5:53 में उमरिया 7:25 में कटनी साउथ, 8:50 में जबलपुर ,11:30 में नैनपुर जंक्शन, 12:05 में केवलारी, 12:53 में सिवनी, 2:00 बजे छिंदवाड़ा, 3:38 में सौसर ,6:00 बजे नागपुर पहुंचेगी। इसी तरह 11201 नागपुर शहडोल 8:00 बजे नागपुर से चलकर 9:08 में सौसर, 10:45 में छिंदवाड़ा ,11:56 में सिवनी, 13:14 में केवलारी, 1330 में नैनपुर जंक्शन, 5:10 में जबलपुर, 6;50 में कटनी साउथ, 8:18 में उमरिया, 10:00 बजे रात को शहडोल पहुंचेगी। उपरोक्त ट्रेन के स्टॉपेज शुभारंभ होने से केवलारी क्षेत्र लोगों की सीधी कनेक्टिविटी भोपाल दिल्ली, प्रयागराज ,बनारस उत्तरप्रदेश, बिलासपुर छत्तीसगढ़ राज्य , नागपुर मुम्बई महाराष्ट्र से हो जायेगी । जबलपुर नागपुर का सीधा संपर्क सफर को सुगमता प्रदान करेगा ।

# धरातल पर दम तोड़ रही पीएम आवास योजना, नगर पालिका के चक्कर लगाने को मजबूर हुए हितग्राही

## कर्मचारी कर रहे मनमानी, हितग्राहियों को बताते है नियम और मापदंड

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधामनंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब जनता को पक्का आवास उपलब्ध करना था। शासन द्वारा गरीबों के हित में बनाई गई इस योजना के क्रियान्वयन में निचले स्तर के अधिकारी और कर्मचारियों की वजह से योजना धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। यूं तो शासकीय अधिकारी इस योजना को लेकर बड़े बड़े दावे करते नजर आ रहे हैं, पर वास्तव में इस योजना में कई गरीबों को आधे अधुरे मकानों में रहने को मजबूर कर दिया है।



### हितग्राही हो रहे परेशान

आवास योजना के अंतर्गत प्रथम एवं दूसरी किस्त का भुगतान किया गया है। लेकिन तीसरी किस्त का भुगतान नही किया गया है। धरातल पर देखने को मिला है कि जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया था, उन हितग्राहियों में अपने कच्चे मकान तोड़ कर प्रथम किस्त की राशि से कुछ निर्माण कर अब दूसरी एवं तीसरी किस्त की आस में नगर पालिका कार्यालय के चक्कर महीनों से लगा रहे हैं।

कई उपभोक्ता ने सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की तो नगर पालिकाकर्मियों ने उन उपभोक्ताओं को झूठे आश्वासन देकर शिकायत वापस करवा दी। ऐसे में उपभोक्ता अब भी आवास योजना में अपना बारी आने का इंतजार कर रहे है। नगर पालिका में इन दिनों केवल मनमानी चल रही है जिससे शहर के वार्डवासी एवं आमजन परेशान होते रहते है। इस ओर सीएमओ का ध्यान नही जा रहा है। जिससे परेशान होकर वार्डवासी ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि पीएम आवास योजनार्न्तगत हितग्राही को नगर पालिका के कर्मचारी शुभम सोनी, संजय अहिरवार नियम एवं मापदंड का हवाला दे रहे है जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि मकान पूर्ण हो गया है किंतु अभी तक तीसरी किश्त नही डाली गई। वर्षो बाद नगर पालिका सिवनी में कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान निर्वाचित हुए है लेकिन अध्यक्ष का पहला कर्तव्य यह है किन जनमानस की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करें किंतु हितग्राही द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष ही नगर पालिका में नही रहते है तो समस्या किसके पास लेकर जायेगें। और यदि समस्या लेकर जाते भी है तो शिकायत का निराकरण नही हो पाता।

खबर संक्षेप

## 16 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा तक होंगे कार्यक्रम

**बालाघाट।** मप्र शासन के धर्मस्य विभाग द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने तक जिलों में विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित करने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किए गए है। इस सम्बंध में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गूगल मीट के माध्यम से सभी एसडीएम, नेहरू युवा केन्द्र, जनअभियान समन्वयक व एनआरएलएम के परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी से सभी श्रीराम मंदिरों में जनसहयोग से रामकीर्तन, भजन संध्या, सुंदर कांड व रामचरित मानस पाठ जैसे आयोजन किये जाए। वही घाट व नदी किनारों पर दीप दान जैसे कार्यक्रम भी किये जायें। इसके अलावा गांव, ब्लॉक व जिला स्तर पर साफ-सफाई की गतिविधियां भी आयोजित करें। साथ ही 21 जनवरी से 26 जनवरी तक रोशनी भी की जाए। साथ ही जिले के मुख्य मंदिरों में टीवी स्क्रीन लगाकर 22 जनवरी के कार्यक्रम सजीव प्रसारण किया जाये।

## पानी में डूबने से बालक की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी थाना अंतर्गत सोननदी में डूबने से बालक की मौत हो गई। देवलगांव पंचायत के ग्राम नेवरवाही निवासी विनायक पांचे के 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस की गांव से होकर बहने वाली कटंगघाट पर डूब गया। घटना 12 जनवरी की शाम लगभग 5.30 बजे से 6 बजे की है। प्रिंस अपने साथियों के साथ घर के समीप सोननदी के पुल के नीचे कटंगघाट में खेल रहा था। इस दौरान ही वह पानी में चला गया। उसकी डूबने से मौत हो गई। जब काफी देर तक प्रिंस पानी से बाहर नहीं आया तो बच्चों ने शोर मचाया। इसके बाद आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। बालक को पानी से निकाला और परिजनों को इसकी सूचना दी। इसके बाद परिजन बालक को लेकर सिविल अस्पताल लांजी पहुंचे। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने शव बरामद कर उसे सुरक्षित मर्चुरी में रखवा दिया है। बालक के शव का पीएम 13 जनवरी को किया जाएगा।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**वारासिवनी।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित एन एस एस इकाई द्वारा सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।सर्वप्रथम डॉ एम घोरमारे एवम् प्रकाश कठाने द्वारा सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म प्राणायाम कराते हुए उसके लाभ एवं महत्व बताए गए। तत्पश्चात शासन के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम क्रिया 09 बजे से 10.30 बजे तक राष्ट्रीय गीत, वंदे भारत तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया।

# हिंदू-मुस्लिम भाइयों की एकता : हिंदू बहन का मुस्लिम भाईयों ने मिलकर कराया विवाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के वार्ड 3 निवासी सीमा धारकर के तीन बेटी और एक बेटा है। बेटे का गैरेज का छोटा सा काम है। सीमा के पति की मौत वर्ष 2009 में हो जाने के बाद किसी तरह सीमा ने अपने चारों बच्चों का लालन-पालन किया। पिता के रहते दो बेटियों का विवाह हो गया था, लेकिन तीसरी बेटी लता का विवाह नहीं हो सका था।

जब लता का विवाह जुड़ा तो परिवार के सामने लता के विवाह की चिंता खड़ी हो उठी। घर की आर्थिक हालत ऐसी नहीं थी कि सीमा अपनी बेटी का विवाह धार्मिक रिति-रिवाज से विवाह करा सकें। जब बेटी लता का विवाह तय हुआ, तो परिवार की आर्थिक हालत कमजोर हो गई।

भाई विकास धारकर ने बताया कि लता दीदी का भौरगढ़ से आगे महाराष्ट्र के साहूटोला में विवाह तय हो गया था, लेकिन लड़के वालों ने शादी करने के लिए जो समय तय किया उस समय में परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह लता की शादी करा सके। इस वजह से हम लता दीदी की शादी कैंसिल करने की सोच रहे थे। आर्थिक हालातों के कारण शादी कैंसिल होने की जानकारी वार्ड के मुस्लिम परिवारों को लगने के बाद वार्ड में निवासरत मुस्लिम परिवारों के लोगों ने लता के परिवार से मुलाकात की। परिवार ने घर के आर्थिक हालत का हवाला देते हुए बताया कि बेटी का विवाह तो कर दें लेकिन मेहमानों के खाने, डैकोरेशन और दहेज की व्यवस्था कैसे करेंगे।

यह बात सुनकर वार्ड के सभी मुस्लिम भाईयों कादर रजा, दानिश खान, आतेश खान, शहाबुद्धीन खान, सोहेल खान, फिरोज भाई, अफरोज भाई सहित अन्य मुस्लिम परिवारों ने परिवार को तसल्ली देकर उन्हें तय की गई तारीख पर विवाह करने की बात कही। लता धारकर का सामाजिक रिति-रिवाज से विवाह कराया। इसमें वार्ड के सभी मुस्लिम परिवार और भाईयों ने न केवल बारातियों की आवभगत की, बल्कि उनके जनवासे में ठहरने पर नाश्ते पानी से लेकर विवाह के बाद उनके भोजन की संपूर्ण व्यवस्था कर परिवार की बेटी को उपहार भी भेंट किए।

बालाघाट के मुस्लिम समाज के लोगों ने एक गरीब हिंदू परिवार की बेटी के विवाह का परिवार पर कोई बोझ ना पड़े इसके लिए परिवार के जरुरी खर्च उठाकर भाईचारे का संदेश देकर नई मिसाल पेश की।



मुस्लिम समाज के लोगों ने की गई इस प्रकार की पहल की सराहना की।

### आज से नगर के मंदिरों में भाजपा का स्वच्छता अभियानः अग्रवाल

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नगर भाजपा की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को लेकर नगर भाजपा की एक बैठक शनिवार जिला भाजपा कार्यालय में आहुति हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौरसिया, संजय खंडेलवाल, संजय मिश्रा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, संजय अग्निहोत्री, श्रीमती भारती पारधी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे, राज हरिनखेरे, मनोज हरिनखेरे महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती मीना रांहगडाले, श्रीमती सारिका बिसेन, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे समेत भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी, पार्षद गण विशेष रूप से उपस्थित रहें । इसी संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि आज नगर भाजपा द्वारा हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, राम मंदिर में साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह कल। से 21 जनवरी नगर के मंदिरों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें भाजपा के नगर कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से इस पुनीत कार्य में योगदान देकर पुण्य लाभ अर्जित करने की प्रार्थना की है।

## लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने वाले आरोपी को सुनाई 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**बालाघाट।** लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र नागेश्वर को कटंगी न्यायालय ने 1 वर्ष का कठोर कारावास और 45 सौ रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। घटनाक्रम के अनुसार फरियादी रूपेन्द्र पटले ने कटंगी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 जुलाई 2019 को पूनमसिंह टेंभरे का पाथरवाड़ा में एक्सीडेंट हो गया था, जिसके बाद पीड़ति को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां घायल पूनम सिंह ने उसे बताया कि वह कटंगी से नंदौरा जा रहा था, अचानक धर्मेन्द्र नागेश्वर ने सामने से उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे वह अपनी गाड़ी से गिर गया। इसके बाद कटंगी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया और प्रकरण को न्यायालय में पेश किया। प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों के आधार तथा अभियोजन के तर्क से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## गुरू गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व : बालाघाट में निकला नगर कीर्तन, 17 जनवरी को मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महान योद्धा, कवि और आध्यात्मिक गुरु गोविंद सिंह सिखों के 10वें गुरु थे। गुरु गोविंद सिंह के जन्मोत्सव को सिख धर्म के लोग धूमधाम से मनाते हैं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरू गोविंद सिंह महाराज के 356वां प्रकाश पर्व 17 जनवरी को मनाया जाएगा। इससे पूर्व 13 जनवरी को प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकाला।

13 जनवरी को समस्त सेवादार गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी, खालसा सिख यूथ फेडरेशन एवं साधसंगत ने नगर में नगर कीर्तन निकाला। जो गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, मैनरोड, काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, सर्किट हाउस मार्ग से पुनः हनुमान चौक होते हुए गुरूद्वारा पहुंचा, जहां इसका समापन किया। गुरु के पंज प्यारों के साथ सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। इस दौरान पंच प्यारों और गुरूग्रंथ साहिब के मार्ग पर फूलों बिछाए।

नगर कीर्तन में नांदगांव से पहुंचा रागी जत्था ने शबद कीर्तन एवं गुरू तेगबहादुरसिंघ अखाड़ा नागपुर का गतका प्रदर्शन में तलवारबाजी, लठ्ठ और चकरा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आतिशबाजी और लंगर की सेवा की।

गुरू गोविंद सिंह महाराज का 356वां प्रकाश पर्व सिख समाज पूरे उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। नगर में सुबह प्रभात फेरी, गुरू गोविंद सिंह महाराज की जीवनी पर कार्यक्रम, श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजित किया जा रहा है। जबकि 17 जनवरी को गुरू गोविंद सिंह जी महाराज का 356वां प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। गुरूद्वारे में शबद कीर्तन के साथ ही लंगर की सेवा की जाएगी।

# अखिल भारतीय गढ़वाल समाज की बैठक लालबर्रा में हुई सम्पन्न

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन करवाये जाने एवम 18 वर्ष से ऊपर के सभी सामाजिक मतदाताओं से महासभा चुनाव करवाये जाने का लिया गया ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के पूर्व सहसचिव एवम पांडरवानी मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री रविशंकर अजित, पांडरवानी मण्डल के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष श्री हरिपाल धानेश्वर, पांडरवानी मण्डल अध्यक्ष विष्णु धानेश्वर, तहसील संगठन के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुर्मे, अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा संचालन समिति अध्यक्ष एवम सर्व गढ़वाल महासभा अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर, गणेश वराडे, संजय हिरेन्द्रवार, गर्रा मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष समीलाल बनवाले, बघोली मण्डल के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र बनवाले, मुकेश सोलंकी, शिवलाल अजित, रामकिशोर ब्रम्हे तथा अन्य सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के पूर्व सहसचिव व पांडरवानी मण्डल के पूर्व अध्यक्ष रविशंकर अजीत द्वारा बैठक में बताया गया कि अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का चुनाव समाज के 18 वर्ष के ऊपर वाले सभी मतदाताओं से कराए जाने की मांग गढ़वाल समाज के बहनों भाइयों युवाओं बुजुर्गों द्वारा बहुत दिनों से की जा रही है। पूर्व में 11 जून 2023 को अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का चुनाव करवाने के लिए जिस व्यक्ति कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था उन्होंने महासभा का चुनाव तय समय सीमा 6 माह के भीतर नहीं करवाया एवम उनका 6 महीने का कार्यकाल 11 दिसम्बर 2023 को ही समाप्त हो गया है।



बैठक में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का चुनाव 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाताओं से करवाने के लिए श्री रविशंकर अजित को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आज सम्पन्न हुई बैठक में दिनाँक 21/01/2024 दिन रविवार को कृष्णा लॉन लालबर्रा में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन करवाये जाने एवम अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा अध्यक्ष का चुनाव 18 वर्ष से ऊपर के सभी सामाजिक मतदाताओं से करवाये जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय से गढ़वाल समाज के सभी वयस्क मतदाताओं में खुशी की लहर है क्योंकि 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाताओं को महासभा चुनाव में अपने मत देने का अधिकार मिल रहा है। समाज के सभी सामाजिक मतदाता बहनों भाइयों युवाओं बुजुर्गों से 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को कृष्णा लॉन लालबर्रा में 12 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के चुनाव में मतदान करने की अपील एवम युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने की अपील किया गया है।

## रटेगाँव से पुजारीटोला मार्ग जर्जर बारिश गिरते ही किचड़ में तब्दील हो जाती है सड़क

हरिभूमि न्यूज खमरिया।

लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रटेगांव से पूजारीटोला मार्ग काफी जर्जर हो चुका हैं। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। जिससे आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। बारिश के दिनो और भी ज्यादा परेशानीयो का सामना करना पड़ता है, बीच सड़क में गड्ढे होने से पानी भर जाता है। कच्चा मार्ग होने के कारण बारिश होते ही किचड में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से दर्जन भर ग्राम के लोग बालाघाट के लिए दैनिक कार्य के लिये जाते हैं। सड़क पर गड्ढे होने से वाहन अनियंत्रित होकर कई बार गिर पड़ते हैं। रटेगांव से पुजारीटोला एक किमी. दूरी पर है। लेकिन सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदारों को अवगत करवाया गया लेकिन आज तक किसी ने सुध नही ली है। इस मार्ग का कायाकल्प हो जायें तो परिशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।



# उपार्जन होने तक संयुक्त दलों द्वारा नाकों, सोसायटियों तथा मिलर्स का होगा निरीक्षण

### वारासिवनी की राइस मिल पर होगी एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अब समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन खरीदी के अंतिम दिन शेष रह गए है। इन दिनों धान उपार्जन के सम्बंध में सभी अधिकारियों को और अधिक चौकन्ना होकर समीक्षा कर निगरानी करनी होगी। पिछले वर्ष कितना धान खरीदा गया और इस वर्ष अब तक कितने किसानों से धान खरीदा गया है। इस बात की अपडेट जानकारी रखते हुए। संयुक्त दल नाकों के अलावा सोसायटियों/ समितियों और मिलर्स का आवश्यक रूप से भ्रमण करेंगे। शेष दिनों में उपार्जन के सम्बंध में निर्देश कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को जिला उपार्जन समिति के साथ आयोजित की गई गूगल मीट में दिए है। उन्होंने संयुक्त दल के एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी तथा तहसीलदार को दायित्व सौंपा कि किस केंद्र पर कितने किसान शेष बचें है। उस हिसाब से निगरानी करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कुछ उपार्जन केंद्रों पर शेष बचें किसानों की संख्या बताते हुए निर्देश दिए कि उनका सत्यापन आवश्यक रूप से कर लिया जाए। वहीं सीसीबी के सीईओ श्री आरसी पटले से पिछले वर्ष और इस वर्ष खरीदी की तुलनात्मक जानकारी के साथ पंजीयन हुए किसानों व स्लॉटबुकिंग में शेष रहे किसानों की जानकारी मांगी है। गूगल मीट में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नोडल अधिकारी जुड़े थे।

गूगल मीट के दौरान डॉ. मिश्रा ने डीएसओ ज्योति बघेल को निर्देश दिए कि पिछले दिनों मिलर्स की शिकायत पर अब तक एफआईआर दर्ज नही हुई है। हर हाल में एफआईआर दर्ज कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। वही समिति ने कितना धान खरीदा, मिलर्स ने कितना धान उठाव किया, कितने आरओ कांटे गए और गोदामों में कितना धान आ गया है। इसकी पूरी जानकारी प्रस्तुत करेंगे।



### मंदिरों में राम कीर्तन, दीप प्रज्जवलन और प्रत्येक घर में दीपोत्सव

## अयोध्या में श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर 16 से 22 जनवरी तक होंगे विविध धार्मिक आयोजन को लेकर लांजी थाने में बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश कलेक्टरों को जारी किये हैं। आदेश में 16 से 22 जनवरी तक के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्वक मनाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। स्थानीय निकायों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ-यात्रियों के सम्मान/स्वागत की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएंगी। यह जानकारी शनिवार को लांजी थाना में आयोजित बैठक में एसडीएम प्रदीप कौरव ने दी। आगे जानकारी से अवगत कराते हुए एसडीएम श्री कौरव ने बताया की 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन कराया जाये। पूरे प्रदेश के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित कराये जावे। हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत किया जाये। प्रदेश के नगरों तथा ग्रामों में राम मंडलियों को स्थानीय कार्यकम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया जावे। नगर के मुख्य मंदिरों में टीडी स्कीन लगाकर अयोध्या के उक्त कार्यक्रम का सजीय प्रसारण किया जाए। उक्त मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/ समिति के द्वारा दिनांक 22 जनवरी को भण्डारे का आयोजन किया जावे। इस बाबत विभिन्न धर्मगुरुओं से भण्डारों के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जायें। नगर के प्रमुख मंदिरों में साफ.-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्ज्वलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम.जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट/ समिति के माध्यम से आमजन हेतु आयोजित किए जायें। सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से दिनांक 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाये। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कालेजों में साज-सज्जा की जायें। सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी एक सप्ताह तक विशेष सफाई अभियान चलाया जावे। 21 जनवरी से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी लाइटिंग की व्यवस्था की जायें। लांजी थाना में आयोजित बैठक में प्रदीप कौरव एसडीएम, सत्येंद्र घनघोरिया एसडीओपी, दिनेश सोलंकी थाना प्रभारी, सफी मोहम्मद कुरैशी सीईओ जनपद लांजी, श्रीमति रेखा कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी, नगर परिषद सीएमओ राजीव लोचन कटारे, संदीप रामटेक्कर उपाध्यक्ष नगर परिषद लांजी, श्रीमति विभा तिवारी, मुकेश रणदीवे, किशोर रामटेक्कर सहित अन्य गणमान्यजनों की उपस्थित रहे।



## सीईओ को जनपद सदस्य ने लिखा पत्र : पेयजल योजना अधूरी पंचायत सचिव पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी क्षेत्र क्रमांक 02 महकेपार के जनपद सदस्य विनोद पंचभाई ने गांव की पेयजल की ज्वलंत समस्या और पंचायत सचिव की गैरमौजूदगी के कारण ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों को लेकर जनपद पंचायत कटंगी मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक कर्पे से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा है साथ ही दोनों समस्याओं पर शीघ्र निराकरण करने की मांग रखी है. जनपद सदस्य ने अपने पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत महकेपार में बीते 24 माह से जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना का कार्य बेहद ही कच्छप गति से चल रहा है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण योजना का समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है. जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. जनपद सदस्य के मुताबिक महकेपार में पहले से ही पेयजल योजना का संचालन हो रहा था लेकिन नई पेयजल योजना को इससे जोड़ने में तकनीकि और भौगोलिक अनदेखी की गई. जिससे ना सिर्फ नई अधूरी पड़ी है बल्कि बल्कि पुरानी नल जल योजना भी प्रभावित होने से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रही है. उन्होंने बताया कि गांव में भूमिगत जल का टीडीएस बहुत अधिक है इसलिए ग्रामीण जनता को बीमारियां हो रही है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में कई बार अवगत भी करवाया गया लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है. ज्ञात रहे कि हर घर नल योजना की पाइप लाइन का विस्तार करने के लिए गांवों में सीसी सड़कों को तोड़ा गया जिनकी मरम्मत भी ठेकेदार ने आज तक नहीं करवाई है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और छुटमुट सड़क हादसे भी आए दिन होते ही रहते है।



जनपद पंचायत सदस्य विनोद पंचभाई ने अपने दूसरे शिकायत पत्र में ग्राम पंचायत महकेपार सचिव मनोज श्रीपात्रे के खिलाफ भी उचित कार्रवाई करने की मांग रखी है. जनपद सदस्य ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पंचायत सचिव पंचायत मुख्यालय में नहीं रहते वह 35 किमी. दूर अनुविभाग मुख्यालय कटंगी से आना-जाना करते है ऐसे में समय पर पंचायत नहीं पहुंच पाते और अनुपस्थित रहते है और कई बार छुट्टी लेते है. जिससे ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य शासकीय कार्यों को करवाने के लिए परेशान होते है. जनपद पंचायत सदस्य ने सीईओ से तत्काल दोनों ही शिकायतों पर उचित कार्रवाई करने की मांग रखी है।